उदासीनता | अव्यवस्थाओं के बीच नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ, 2 माध्यमिक शाला भवनों की स्थिति है जर्जर

जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में 37 शाला भवन विहीन

अमरपुर नवभारत 1 जुलाई। जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत 35 प्राथमिक शाला भवन एवं 2 माध्यमिक शाला भवन की स्थिति जीर्ण शीर्ण होने की स्थिति में 37 शाला भवन शासन के निर्देशानुसार जमींदोज कराए जा चुके हैं।

यह एक अच्छी पहल भी मानी जा सकती हैं कि कोई अनहोनी पूर्व यह कदम उठाया गया। परंतु व्यवस्था के तहत नए भवन निर्माण के लिए सोचा भी नहीं गया। पूरे जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में 5 प्राथमिक शाला एवं 2 माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन हैं, वहीं 67 प्राथमिक शाला और 6 माध्यमिक शाला एक शिक्षकीय हैं। ऐसी अव्यवस्थाओं के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ हो चुका हैं।

छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं हैं

शासन के निर्देश के तहत भारी तामझाम के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में प्रवेश उत्सव का आयोजन कर छात्रों को प्रवेश तो दिया जा रहा हैं, परंतु कहीं छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं हैं तो कहीं पर छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। इसके साथ ही कुछ एकल शिक्षकीय शाला भी हैं।

कुछ शालाओं के छत से टपकता है पानी

ऐसी स्थिति में एक अकेला शिक्षक छात्रों को सिर्फ शाला में बैठाकर औपचारिकता के तौर पर पढ़ने को कह सकता हैं। अकेला शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को सभी विषय तो पढ़ा सकता नहीं हैं। मध्यान्ह भोजन कराना और बैठना तो पडेगा फिर कुछ शाला भवन ऐसे भी हैं, जहां पर बारिश के मौसम में छत का पानी बाहर नहीं कक्षाओं के अंदर ही गिरता हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

शिक्षा विकास के व्दार खोलती है

शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव पर कलेक्टर ने बांटी पुस्तकें

नवभारत उमरिया 1 जुलाई। जिले में स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य कार्यक्रम पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कालरी उमरिया में आयोजित हुआ। कलेक्टर राखी सहाय ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि शिक्षा ही विकास के द्वार खोलती है। यदि विद्यार्थी पूरी ईमानदारी, लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करेंगे तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।

पढ़ाई को बोझ नहीं, सीखने का माध्यम समझे

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करने, नियमित रूप से विद्यालय आने तथा पढ़ाई को बोझ नहीं मानकर सीखने का माध्यम समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाए गए विषयों का प्रतिदिन घर पर पुनरावृत्ति करें तथा किसी भी विषय में कठिनाई होने पर अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन अवश्य लें। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अपनी रुचियों और प्रतिभाओं को भी विकसित करने की सलाह दी।

नियमित अध्ययन के लिए किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि खेल, चित्रकला, संगीत जैसी हॉबी जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं, इसलिए पढ़ाई के साथ इन गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करें। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने अर्चना यादव का कक्षा नवमी में विद्यालय में प्रवेश कराया तथा छात्रों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय स्तर पर डिंडौरी की शाला का चयन

शहपुरा नवभारत। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में मध्यप्रदेश के 10 विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है, जिसमें डिंडौरी जिले के विकासखंड शहपुरा स्थित शासकीय आश्रम शाला अंग्रेजी माध्यम को स्थान मिला है। यह जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विद्यालय ने स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और हरित परिसर निर्माण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारी ने बताया कि चयनित विद्यालय को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने इस उपलब्धि पर विद्यालय, शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

टाइगर रिजर्व में इस साल पहुंचे लगभग 2 लाख पर्यटक

19 करोड़ की हुई आय; पिछले साल से 30 हजार ज्यादा टूरिस्ट ने किया विजिट

चिल्हारी नवभारत 1 जुलाई। जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इस पर्यटन सत्र के दौरान रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे। इस साल दो लाख से अधिक पर्यटकों ने रिजर्व का भ्रमण किया, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 30 हजार अधिक है। पर्यटन गतिविधियों से इस सत्र में 19 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब तीन करोड़ रुपए ज्यादा बताया गया है। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार मंगलवार शाम इस पर्यटन सत्र की अंतिम सफारी हुई। इसके बाद 1 जुलाई से 30 सितंबर तक मानसून सीजन के कारण कोर एरिया पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। इस सत्र में पर्यटकों को बाघों के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली हाथी, गौर, चीतल और सांभर जैसे वन्यजीवों के भी दर्शन हुए। बेहतर वन्यजीव दृश्य और प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-हुए नही बल्कि विदेशों में भी अपना नाम एवं छवि बनाई हैं।

लापरवाही पर 4 सीएचओ का 7 दिन का वेतन रोका

तीन स्वास्थ्य कर्मियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

डिंडौरी, नवभारत 1 जुलाई। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की जिला स्तर पर सतत मॉनीटरिंग की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डिण्डौरी ने बताया कि बुधवार, 1 जुलाई को सार्थक ऐप के माध्यम से की गई समीक्षा में वर्षा देवी ठाकुर सीएचओ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर फुलवाही, हीना बानो सीएचओ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पड़रिया माल, पूनम मैदा सीएचओ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवलारी एवं निधि कोलारे सीएचओ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खाम्हामाल की सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। साथ ही निर्धारित लोकेशन से उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए 7 दिवस का अवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया गया है।

गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सेवा नहीं दी-इसी प्रकार विकासखंड करंजिया के ग्राम सोनतीरथ स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र चौरादादर में एक गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही पाए जाने पर करतार सिंह सीएचओ, मालती मार्को एएनएम तथा अहिल्याबाई आशा कार्यकर्ता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर चेतावनी दी गई है।

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी -मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित मॉनीटरिंग जारी रहेगी तथा कर्तव्य के प्रति उदासीनता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

35 वर्षों की सेवा के बाद प्रभा बरमैया सेवानिवृत्त

नगर परिषद शहपुरा में अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया सम्मानित

शहपुरा नवभारत 1 जुलाई। नगर परिषद शहपुरा में लंबे समय तक निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देने वाली दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी प्रभा बरमैया के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में नगर परिषद परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, पार्षद हरीश साहू तथा प्रभारी मुख्य नगर परिषद अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा सहित नगर परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रभा बरमैया के सरल स्वभाव और कर्मठ कार्यशैली को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह के दौरान अतिथियों ने श्रीमती बरमैया का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

लंबित प्रकरणों का शीघ्र किया जाए निराकरण

तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

शहपुरा, नवभारत। एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के निर्देशन में 1 जुलाई को तहसील कार्यालय शहपुरा में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन, आधार-खसरा लिंकिंग, भू-राजस्व संग्रहण तथा राजस्व न्यायालय में प्रचलित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित राजस्व कर्मचारियों को मानसून के दौरान अतिवृष्टि से मकान क्षति, सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली जन एवं पशुहानि से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व संबंधी कार्य समय सीमा में करें पूर्ण-इसके अतिरिक्त राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को आम नागरिकों के राजस्व संबंधी कार्यों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में तहसीलदार आरपी मार्को, नायब तहसीलदार टीएल धुर्वे, बीएस धुर्वे सहित समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे।

डेंगू से बचाव का प्रचार करने रथ रवाना

डिंडौरी, नवभारत। डेंगू निरोधक माह जुलाई 2026 के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में डेंगू से बचाव एवं जन-जागरूकता के लिए डेंगू रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू रथ जिले के सभी विकासखंडों, शहरी क्षेत्रों, पंचायतों एवं हाट-बाजारों में भ्रमण कर मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव संबंधी जानकारी देगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मानसून के दौरान डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से घरों में पानी जमा न होने देने, साफ-सफाई रखने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच कराएं।

विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन आज

नौरोजाबाद। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सड़क, नाली, आवास, वृद्धा पेंशन, बेरोजगारी, महगाई, खाद बीज, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि मुद्दों को लेकर आज गुरुवार को नौरोजबाद 5 नम्बर कालोनी पानी टंकी के पास 10 बजे से विशाल रैली के साथ धरना प्रदर्शन एवं विशाल आम सभा का आयोजन किया गया है। उसके उपरांत एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी नगर एवं ग्रामीण के सम्मानित जनों, जिला कांग्रेस कमेटी, यूथ कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडलम कांग्रेस कमेटी, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक यूनियन, अल्पसंख्यक, पंच सरपंच वर्तमान एवं पूर्व पार्षद अध्यक्ष, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, आवश्यक रूप से पहुंचकर कार्यक्रम को बनाने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग से हटाई गई महिला ने लगाई न्याय की गुहार

प्रशासन को चेताया, कार्रवाई नहीं हुई तो दी आमरण अनशन की चेतावनी

शहपुरा नवभारत। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शहपुरा में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग बिछिया में कार्यरत रही एक महिला ने अपनी सेवा बहाली की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को आवेदन सौंपा।

महिला ने कहा कि यदि उसके मामले पर जल्द संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह स्वास्थ्य केंद्र बिछिया के सामने आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की होगी।

स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मचारी थीं

महिला ने आवेदन में बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अस्पताल में कई वर्षों तक मेल बाई (सफाई कर्मचारी) के रूप में कार्यरत रही। इस दौरान उसने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दीं, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना और कारण बताए उसे कार्य से हटा दिया गया। इससे उसके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और आजीविका चलाना मुश्किल हो गया है।

कार्यालयों के लगाए चक्कर नहीं मिला न्याय

महिला का आरोप है कि सेवा से हटाए जाने के बाद उसने कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दीं। इसके अलावा जनसुनवाई में भी कई बार आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन आज तक उसकी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ। लगातार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिल सका।

जनसुनवाई में की शिकायत

जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में महिला ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सेवा से हटाए जाने की कार्रवाई की समीक्षा करने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। उसने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह स्वास्थ्य केंद्र के सामने आमरण अनशन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की होगी। अब इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

नहर निर्माण के 3 साल बाद भी मुआवजा नहीं मिलने पर किसान ने लगाई गुहार



शहपुरा। शहपुरा तहसील के ग्राम पथरकटा निवासी किसान मंगल सिंह परस्ते ने अपनी कृषि भूमि से निकली नहर के मुआवजे की राशि अब तक नहीं मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शाहपुरा को आवेदन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है।

आवेदन के अनुसार किसान की खसरा क्रमांक 195, रकबा 0.6500 हेक्टेयर भूमि से बिलगढ़ा बांध की नहर निकाली गई है। किसान का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से वह मुआवजा प्राप्त करने के लिए नहर विभाग के एसडीओ कार्यालय के लगातार चक्कर लगा रहा है, लेकिन आज तक उसे मुआवजा राशि नहीं मिली। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारी हर बार 'आज-कल' कहकर मामला टाल देते हैं।

खेत के बीच से नहर निकलने से हो रहा नुकसान-किसान ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि खेत के बीच से नहर निकल जाने के कारण वह पिछले तीन वर्षों से गेहूं की फसल भी नहीं बो पा रहा है, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग द्वारा अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया। किसान ने एसडीएम से मांग की है कि मामले की जांच कराते हुए शीघ्र मुआवजा राशि दिलाई जाए, ताकि उसे राहत मिल सके।

सीईओ ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की दवा

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

चिल्हारी नवभारत। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

कोई भी बच्चा इस ऑभियान से वंचित नहीं रहे

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस ऑभियान से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि बूंद जिंदगी की केवल एक संदेश नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।

बच्चों को पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाएं

इस अवसर पर का अभियान का उद्देश्य जिले के पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक देकर उन्हें इस बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चंदेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 29 एवं 30 जून तक जारी रहेगा।

24 ट्रांजिट बूथ बनाए गए

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत एक लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 135 सुपरवाइजर, 4 मोबाइल टीम तथा 24 ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

सम्मेलन | आईजी ललित शाक्यवर ने पुलिस सम्मेलन में दिया जनसेवा का संदेश

ईमानदारी और जनसेवा ही पुलिस की बड़ी पहचान

डिंडौरी, नवभारत। डिंडौरी पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस सम्मेलन के दौरान डिंडौरी जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ललित शाक्यवर ने अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और विश्वास की सबसे मजबूत कड़ी है। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ नागरिकों में सुरक्षा की भावना विकसित करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का प्रथम दायित्व है। इस दौरान मंच पर डिंडौरी पुलिस अधीक्षक आशीष खरे भी साथ में मौजूद थे।

निष्पक्ष कार्यशैली से लोगों का विश्वास जीत सकते हैं

आईजी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि एक पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और दृढ़ता के साथ किसी क्षेत्र में अपनी प्रभावी एवं रोबदार उपस्थिति दर्ज कराता है, तो वह अकेला ही करीब पचास लोगों के व्यवहार और सोच पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है। पुलिस की सक्रियता और निष्पक्ष कार्यशैली अपराधियों में कानून का भय तथा आमजन में विश्वास का वातावरण निर्मित करती है।

ईमानदारी का प्रभाव परिवार पर भी दिखता है

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से किया गया पुलिस का कार्य केवल विभाग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका सकारात्मक प्रभाव पुलिसकर्मी के परिवार, समाज और पूरी व्यवस्था पर दिखाई देता है। एक कर्मठ एवं निष्पक्ष पुलिसकर्मी अपने आचरण से विभाग की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है।

पुलिस अधिकारियों की समस्याओं को सुना

सम्मेलन के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक डिंडौरी को आवश्यक निर्देश दिए तथा कहा कि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा रखना और उनकी वास्तविक समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।